


## एक नजर में



### रिश्तों की बहार में दिखी रिश्तों की मजबूती

उज्जैन। अग्रवाल आराध्या क्लब द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 के अंतर्गत अग्रवाल धर्मशाला मोदी की गली में रिश्तों की बहार ग्रैंड गेम शो का आयोजन किया गया। अग्रवाल आराध्या क्लब के इस मजेदार और रोमांचक गेम शो में अपने करीबी रिश्तेदारों के साथ समाज की महिलाएं मंच पर आई। क्लब अध्यक्ष माला गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रश्न वली राउंड में अपने ज्ञान का प्रदर्शन कर रिश्ते की समझ दिखाई। अपने रिश्ते की मजबूती को परखा। रिलेशन राउंड में अपने रिश्ते की गहराई को दिखाया और अपने साथी के साथ जुड़ाव को मजबूत बनाया। सरप्राइज राउंड में अनपेक्षित और रोमांचक अंदाज में अपने रिश्ते की परीक्षा ली और इनाम जीते। सभी भाग लेने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान क्लब सदस्य आकांक्षा अग्रवाल, रितु अग्रवाल, आशिता, पलक अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, बबीता, भारती, राधिका अग्रवाल, श्रद्धा गर्ग, ममता गोयल, ललित टीबड़ेवाला, प्रियंका, सोनाली अग्रवाल, नीलू, सोनिया मित्तल, नीलम, संगीता अग्रवाल, ममता, ज्योति अग्रवाल, श्वेता, अंजू गुप्ता, मेघना, माला अग्रवाल, रीना, ममता अग्रवाल, पिंकी, ममता गोयल आदि मौजूद रहे। सभी समाजजन ने आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया।




### विकास लिए आजीवन सदस्यता ली

उज्जैन। उज्जैन जिला जिम्नास्टिक एसोसिएशन के तत्वाधान में महारजवाड़ा जिम्नास्टिक्स सेंटर पर शहर के गणमान्य एवं समाजसेवियों ने उज्जैन जिला जिम्नास्टिक एसोसिएशन की आजीवन सदस्यता ग्रहण की एवं जिमनास्टिक के उत्थान के लिए संकल्प लिया। उज्जैन जिला जिमनास्टिक्स के सचिव ओ पी शर्मा ने बताया कि पूर्व वरिष्ठ जिमनास्ट एम जी सूपेकर, बी एस अजमेरी वरिष्ठ समाजसेवी सेवानिवृत बैंक प्रबंधक, सुनील गुप्ता युवा व्यवसाई एवं समाजसेवी, गोपाल बंसल पूर्व प. रेलवे जिम्नास्टिक कोच एवं वर्तमान में व्यवसाई, सज्जन सिंह श्रीवास सेवानिवृत्त शिक्षक एवं समाजसेवी, सत्यनारायण सोलंकी व्यवसाई एवं समाज सेवी, पटेल सेवानिवृत्त पुलिस विभाग, संजय डांगी एवं सुनील कुशवाह ने संस्था अध्यक्ष सावन बजाज की पहल पर उज्जैन जिला जिम्नास्टिक्स एसोसिएशन की आजीवन सदस्यता ग्रहण की एवं खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नवागंतुक आजीवन सभी सदस्यों को संरक्षक नारायण यादव एवं कलावती यादव द्वारा बधाई प्रेषित की गई। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारीगण के रूप में कोषाध्यक्ष संजय जोहरी, प्रशिक्षक मनोहर शर्मा, नरेंद्र श्रीवास्तव, नवीन आर्य, सुनील जाधव, अविनाश श्रीवास, राजकुमार सोलंकी, आयुष त्रिवेदी, वैबव मालवीय, जितेंद्र शर्मा, महेंद्र राजपूत, अनिरुद्ध सिंह गोड, हार्दिक सिंह, प्रवीन आदि खिलाड़ी एवं पालकगण उपस्थित थे।



### 3 दिवसीय नि:शुल्क शिविर का समापन

उज्जैन। श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित 3 दिवसीय योग शिविर का समापन 17 सितंबर को हुआ। अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष आयुष अग्रवाल एवं सचिव दीपेश अग्रवाल ने बताया कि 10 दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में नि:शुल्क योग शिविर, चकरा बैलेंसिंग सेशन एवं डाइट सेशन अग्रवाल भवन अलखधाम धर्मशाला पर सोनम बंसल पंचायती द्वारा कराया गया। जिसमें ऑनलाइन एवं ऑफलाइन के माध्यम से समाज जनों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। अग्रवाल पंचायत न्यास के अध्यक्ष निमेष अग्रवाल, उपाध्यक्ष शैलेंद्र मित्तल, अशोक अग्रवाल, सुनील अग्रवाल आदि समाजगण उपस्थित रहे। व्यवस्थापन में सहज मित्तल, इंदेश अग्रवाल, श्लोक अग्रवाल, मोनिल अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, गौरव अग्रवाल रहे। कार्यक्रम में स्प्राउट्स, जूस आदि का वितरण भी रखा गया। अग्रवाल विकास समिति कार्यक्रम में सहयोगी रही। आभार उपाध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल ने माना।



### सामूहिक रूप से किया तर्पण

उज्जैन। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मेवाड़ा समाज अध्यक्ष मोहन मेवाड़ा की अगुवाई में नि:शुल्क पिंडदान, तर्पण का आयोजन शिप्रा तट पर किया गया। मोहन मेवाड़ा ने बताया कि ग्यारस के दिन बुधवार 17 सितंबर को सुबह 8:30 से दोपहर 12 बजे तक रामघाट पर गुरुद्वारा के सामने आयोजित तर्पण आयोजन में समाजजनों ने अपने पितरों की मोक्ष के लिए, उनकी आत्मा शांति के लिए तर्पण एवं पिंडदान कर अपने परिवार की सुख शांति की प्रार्थना की। पंडित अजय गुरु के सानिध्य में उनके शिष्यों द्वारा तर्पण कराया गया। इस दौरान समाज संरक्षक देवनारायण जयपाल, विजयसिंह बल, रतन लाल जवल, मानसिंह बगड़िया, दशरथ जोधावत, परमानंद पवार, भोपाल से राजेंद्र परमार, पुष्पेंद्र परमार सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। समाज के अध्यक्ष मोहन मेवाड़ा की ओर से प्रति वर्ष नि:शुल्क पिंडदान, तर्पण का उच आयोजन किया जाता है।

### शिविर में 56 यूनिट रक्त एकत्रित

उज्जैन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रोटरी ब्लड बैंक और पुष्पा मिशन हॉस्पिटल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 56 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोट ईश्वर चंद दुबे, सचिव रोट उरूसा हाशमी और रीजनल चेयर रोट फादर एंथनी पी.जे. ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रोट शाहिद हाशमी, रोट धीरेंद्र रैना, रोट डॉ. कीर्ति हाड़ा और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अवंतिका विश्वविद्यालय कैम्पस में आयोजित शिविर में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नितिन राणे, कुलसचिव डॉ. मनीष पाटिल, एसपीओसी छात्र जीवन शैलेश भोकरे, चिकित्सा अधिकारी वर्षा विलियम और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गौरव बागरा की विशेष भूमिका रही। रक्तदान शिविर के आयोजन से न केवल रक्त की कमी को पूरा करने में मदद मिली, बल्कि समाज में सेवा और मानवता की भावना को भी बढ़ावा मिला।

# स्वयं के आशियाने पाकर खिले हितग्राहियों के चेहरे, किराए के मकान से मिली मुक्ति

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले आवास, आयुक्त और महापौर की उपस्थिति में आवंटन, मंछामन मल्टी का कार्य भी प्रगति पर





**उज्जैन। स्वयं के आशियानों का सपना देखने वाले हितग्राहियों को जब मकान में प्रवेश करने का अवसर प्राप्त हुआ तो उनके चेहरे पर मुस्कान खिल गई। अब उन्हें किराए के मकान से मुक्ति मिली है और महापौर से लेकर आयुक्त की मौजूदगी में मकान का आवंटन किया गया।**

नगर निगम मुख्यालय में महापौर मुकेश टटवाल और आयुक्त अभिलाष मिश्रा की उपस्थिति में पीएम आवास योजना (एएचपी घटक) अंतर्गत कानीपुरा स्थित ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 3 मकानों का लॉटरी से आवंटन हुआ। विनीत शर्मा, पायल सूर्यवंशी, सीमा शर्मा को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत यह फ्लैट प्राप्त हुए हैं अब यह और इनका परिवार स्वयं की आशियाने में खुशी-खुशी रहेंगे।

इधर मंछामन मल्टी का कार्य भी तीव्र गति से चल रहा है, महापौर मुकेश टटवाल कई बार मौके पर जाकर ठेकेदार को जल्द कार्य करने के लिए हिदायत दे चुके हैं, यहां पर लंबे समय से काम बंद पड़ा हुआ था। जो कि नगर निगम द्वारा पुन: प्रारंभ करवाया गया है और यहां भी जल्द ही हितग्राहियों को मकान आवंटित कर दिए जाएंगे। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चल रहे पखवाड़े में वार्ड 26 और 41 में रैली, रंगोली और श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए गए। पार्षदों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने विभिन्न वार्डों का दौरा कर सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि कचरे के ढेर तुरंत हटाए जाएं, नालियों की नियमित सफाई हो, अवैध भवन निर्माण सामग्री पर कार्रवाई की जाए, बैकलाइन गलियों को भी अतिक्रमण मुक्त रखा जाए, चकोर पार्क को आदर्श पार्क बनाने के निर्देश दिए। वार्ड 41 स्थित चकोर पार्क के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्देश दिए कि वेस्ट टू आर्ट की प्रतिकृतियां लगाई जाएं, रिचार्ज पिट व रंग-बिरंगे पौधे लगाए जाएं, फूड कोर्ट और भव्य गेट बने, बंद पड़े म्यूजिकल फाउंटेन को तत्काल चालू किया जाए।

### धार जिले के भैंसोला में मिले प्रधानमंत्री मोदी से महापौर

धार जिले के भैंसोला में आयोजित पीएम मित्र पार्क भूमि पूजन समारोह में महापौर मुकेश टटवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी और उज्जैनवासियों की ओर से अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में 3 लाख से अधिक रोजगार सृजन की संभावनाएं जताई गईं।



# पति के साथ आई बुर्काधारी महिला चोरी करते पकड़ाई

## लखेरवाड़ी में आभूषण दुकान से गायब की थी 6 जोड़ पायजेब

**उज्जैन। आभूषण दुकान पर पति के साथ ग्राहक बनकर पहुंची बुर्काधारी महिला ने 20 मिनट में 6 जोड़ चांदी की पायजेब गायब कर दी। दुकानदार को शंका हुई तो कैमरे देखे गए जिसमें महिला वारदात करती दिखाई दी। पुलिस ने पति के साथ हिरासत में दिया है।**




लखेरवाड़ी क्षेत्र में नरेन्द्र झंवर द्वारा झंवर ज्वेलर्स का संचालन किया जाता है। दोपहर 3.30 बजे के लगभग बुर्काधारी महिला आभूषण खरीदने के बहाने पहुंची और पायजेब दिखाने को कहा। दुकानदार ने उसे आभूषण दिखाना शुरू किए। महिला ध्यान भटकाने लगी। इस बीच उसने 6 जोड़ चांदी की पायजेब गायब कर दी। काउंटर पर रखे पायजेब के बॉक्स से पायजेब कम होने की शंका दुकानदार को हुई तो सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें महिला बुर्के के नीचे पायजेब छिपाती दिखाई दी। दुकानदार और कर्मचारियों ने उसे पकड़ा तो आसपास दुकानदारों की भी भीड़ जमा हो गई। महिला के साथ उसका पति भी आया था जो दुकान के बाहर था, उसे भी पकड़ लिया गया। महिला से चोरी की गई पायजेब निकालने के लिए कहा तो उसने एक-एक कर 6 जोड़ पायजेब बाहर निकाल दी। उसने बुर्के के नीचे जेब बना रखी थी। आभूषण दुकान में चोरी करते महिला के पकडाने की खबर मिलते ही खाराकुआं थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। दोनों को थाने लाया गया जहां पूछताछ में महिला का नाम रुखसाना और पति का नाम मुन्ना शेख निवासी नागदा होना सामने आया। सीएसपी राहुल देशमुख ने बताया कि दोनों से पूछताछ की जा रही है वहीं उनके आपराधिक रिकार्ड भी तलाशा जा रहा है। संभावना है कि दोनों ने अन्य जगह भी वारदातों अंजाम दिया होगा।

### विवाहित महिला को प्रेम जाल में फंसा कर वायरल किया फोटो

उज्जैन। शादीशुदा महिला से प्रेम प्रंसग कर वीडियो फोटो बनाये गये, फिर ब्लैकमेलिंग कर 2 लाख रुपए मांगे लिये। महिला ने और रुपए देने से मना किया तो फोटो वीडियो रिश्तेदारों को भेज दिये। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। नीलगंगा थाना क्षेत्र की रहने वाली 28 वर्षीय शादीशुदा महिला को कुछ महिनों पहले थाना क्षेत्र में रहने वाले पहले से शादीशुदा युवक अंकित राठौर ने प्रेमजाल में फंसा लिया था। दोनों के बीच कुछ महिनों प्रेम-प्रसंग चला, इस दौरान युवक ने होटल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए और महिला के फोटो-वीडियो बना लिये। जिसको वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। उसने रुपए की मांग करते हुए 2 लाख रुपए वूसल लिये। उसकी डिमांड कम नहीं हो रही थी। वह लगातार रुपए देने का दबाव बना रहा था। महिला ने रुपए देने से मना कर दिया, जिसके बाद युवक ने फोटो-वीडियो वायरल करते हुए महिला के रिश्तेदारों को भेजना शुरू कर दिये। परिजनों को मामले का पता चला तो महिला ने मामले की शिकायत नीलगंगा थाने पहुंचकर की। पुलिस ने जांच में बाद मामले में बुधवार शाम प्रकरण दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि आरोपित युवक की गुरुवार को गिरफ्तारी कर ली गई। जिसे न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है।

# सांप ने काटा तो पकड़कर अस्पताल ले आया ड्राइवर

**उज्जैन। कार खड़ी कर रहे ड्राइवर को सांप ने काट लिया। ड्राइवर ने सांप पकड़कर अस्पताल ले आया। जहां सांप छूट गया और अस्पताल में अफरा तफरी मच गई।**



शास्त्रीनगर का रहने वाला सागर पिता अशोक चौधरी 34 वर्ष ड्राइवरी करता है। देवासगेट स्थित आन्नपूर्णा मंदिर के समीप गाड़ी खड़ी कर रहा था। उसी दौरान सांप ने हाथ पर काट लिया। सागर ने सांप को ही पकड़ लिया और चरक अस्पताल लेकर आ गया। जहां इमरजेंसी कक्ष में डॉक्टरों को सांप दिखाकर हाथ पर काटने की बात कहते हुए उपचार की बात कही, इस दौरान सांप हाथ से छूट गया और अस्पताल में अफरा तफरी मच गई। ड्रायवर सागर ने तुरंत ही सांप को दोबारा पकड़ लिया और एक व्यक्ति की मदद से प्लास्टिक की थैली में बंद कर दिया। सांप को अस्पताल के सामने सामाजिक न्याय परिषद में छोड़ा गया। एक अन्य मामला भी सांप काटने का ओंकार जीनिंग फेक्ट्री परिसर में प्रवीण पिता भानुदास 46 वर्ष के साथ हुआ, सफाई करते समय सांप ने हाथ पर काट लिया। उसने जिस स्थान पर सांप ने काटा था उसके आसपास रस्सी से हाथ को बांध लिया और जहर फैलने से रोकने की कोशिश की। यही नहीं उसने सांप पकड़ने वाले को बुलवाया और एक डिब्बे में बंद करा दिया। दोनों मामलों में युवकों की हालत खतरे से बाहर बनी हुई है फिलहाल उनका उपचार चल रहा है।

### सिंहस्थ मेला में बने स्थाई आध्यात्मिक नगरी

उज्जैन। सिंहस्थ मेला क्षेत्र में स्थाई आध्यात्मिक नगरी बसाई जाने के मध्य प्रदेश सरकार के निर्णय में वैष्णव संप्रदाय के तीन प्रमुख अखाड़े अखिल भारतीय श्री पंच रामानंदी दिगंबर आणि अखाड़ा, श्री पंच रामानंदी निर्वाणी आणि अखाड़ा, श्री पंच रामानंदी निर्मोही आणि अखाड़ा अंकपात शामिल है। स्थानीय अखाड़ा परिषद एवं रामादल अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास महाराज के साथ तीनो आणि अखाड़ों के स्थानीय प्रमुख महंत रामचन्द दास महाराज, महंत दिग्विजय दास महाराज, महंत चरणदास महाराज ने श्री निर्वाणी आणि अखाड़े में बैठक कर चर्चा की, जिसमे यह सामने आया कि कुछ लोगो ने स्थानीय महंतों को गलत जानकारी देकर एक पत्र लिखवाया, जबकि हकीकत इसके विपरीत निकली, इस पर तीनों वैष्णव अखाड़े के पदाधिकारी ने रामादाल अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत डॉ रामेश्वर दास महाराज के समक्ष एक पत्र लिखकर सिंहस्थ मेला अधिकारी एवं कलेक्टर उज्जैन को भेजा, जिसमें उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में स्थाई पक्की सड़के, सीवरेज लाइन, बिजली के पोल सहित अन्य व्यवस्थाएं स्थाई तौर पर होने से आने वाले सिंहस्थ मेला 2028 में सभी को सुविधाजनक स्थिति मिल सके। सिंहस्थ 2016 में जिस प्रकार से आंधी, तुफान आने से मेला अस्त-व्यस्त हो गया था इसलिये आगामी सिंहस्थ में स्थाई प्रकति के निर्माण कार्य होना आवश्यक है। अखिल भारतीय श्री पंच रामानन्दीय निर्वाणी अखाड़ा अंकपात पर स्थानीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास जी महाराज की अध्यक्षता में तीनों अखाड़ों के स्थानीय श्री महंत की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय हुआ कि सिंहस्थ 2028 को भव्यता और व्यापक स्तर पर अध्यात्मिक नगरी के रूप में विकसित कर सिंहस्थ मेला क्षेत्र में पक्की सड़कें, म्थायी सीवरेज लाईन, पेयजल व्यवस्था, स्थाई बिजली व्यवस्था का इंतजाम हो। हरिद्वार की तर्ज पर उज्जैन सिंहस्थ मेला क्षेत्र को अध्यात्मिक नगरी के रूप में विकसित किया जाए।

# लौटते मानसून की झमाझम से शिप्रा में आया उफान

## गंभीर डेम बका खोला गया एक गेट, त्रिवेणी-गऊघाट पाले से पानी ऊपर

**उज्जैन। लौटता मानसून प्रदेश में सक्रिय बना हुआ है। बुधवार रात हुई झमाझम बारिश के बाद गुरुवार सुबह शिप्रा नदी में उफान दिखाई दिया। गंभीर डेम में पानी की तेज आवक होने पर लेवल मेंटेन रखने के लिए एक गेट खोल दिया गया।**

बुधवार को शाम को शहर और आसपास के जिलों में हुई तेज बारिश के बाद शिप्रा नदी में पानी की आवक तेजी से हुई थी। इसके चलते देवास में शिप्रा जलआवर्धन योजना का एक गेट खोलकर पानी छोड़ गया गया था। जिसके चलते शिप्रा नदी का जलस्तर काफी अधिक बढ़ गया और रामघाट पर बने मंदिर डूब गए। गुरुवार सुबह रामघाट पर तीन फीट से अधिक पानी था और छोटा पुल पूरी तरह से डूब गया था जिसके चलते घाट पर स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को रोक दिया गया और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के साथ होमगार्ड के जवान अलर्ट हो गए। शिप्रा का जलस्तर बढ़ने से त्रिवेणी बैराज पर पाले से करीब 2 फीट उपर पानी बह निकला। दोपहर में देवास डेम का गेट बंद किया गया है। गऊघाट पाले पर शिप्रा 4 फीट उपर से बह रही थी।

वर्षा की स्थिति में कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में उज्जैन जिले में औसत 28.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। पिछले चौबीस घण्टों के दौरान 18 सितंबर की प्रात: तक तहसील उज्जैन में 34.0 मिमी, घट्टिया में 66.0, महिदपुर 68.0 मिमी, झाड़ा में 20.0 मिमी, तराना में 54.1 मिमी व माकड़ौन में 18.0 वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक औसत 791.6 मिमी वर्षा हो चुकी है।

### गंभीर में रात 2 बजे एक गेट खोला

बुधवार को इंदौर के यशवंत सागर डेम के केचमेंट क्षेत्र में जोरदार वर्षा होने से वहां रात को दो गेट खोलकर पानी बहाया गया था। यह पानी रात में ही गंभीर पहुंच गया और डेम अपनी क्षमता 2250 एमसीएफटी को एक बार फिर पर कर गया। जिसके चलते गंभीर का लेवल मेंटेन करने के लिए रात 2 बजे गेट नंबर 3 को 50 सें.मी. खोलकर पानी बहाया जाने लगा। गुरुवार सुबह गेट को 1.5 मीटर खोल दिया गया था। पानी की आवक घटने पर वापस गेट को 50 सें.मी. किया गया। दोपहर 2 बजे गेट को बंद किया।

**उमा सांझी उत्सव** — बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता हुई, मंच से अतिथियों ने बांटे पुरस्कार

# महाकाल के सांझी महोत्सव में कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां, सभामंडप में सजी रंगोली

नवभारत न्यूज

उज्जैन। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के उमा-सांझी महोत्सव में प्रतिदिन कलाकार मंच से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दे रहे हैं। सभामंडप में पंडे-पुजारियों ने प्राचीन शीला पर आकर्षक रंगों से उमा माता के लिए रंगोली सजाई। भगवान के चांदी के विभिन्न मुखौटो की झांकी भी अद्भुत थी। दिन में बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता भी हुई व मंच से अतिथियों ने पुरस्कार भी बांटे।




पहले दिन प्रीति देवले का लोक गायन हुआ तो स्वाति उखले ने नृत्य की जोरदार प्रस्तुति दी। वहीं दूसरे दिन गुरुवार को शीला त्रिपाठी भोपाल का लोक गायन, माधुरी कोडापे ने समूह प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। विद्यार्थियों ने दो वर्ग में चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर आकर्षक चित्र बनाए। कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 1 से 7 में प्रथम पुरस्कार वंशिका परासिया, द्वितीय पुरस्कार तमन्ना माली व तृतीय पुरस्कार रितेश मकवाना ने प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग कक्षा 8 से 12 में प्रथम पुरस्कार विश्वास विरावत, द्वितीय पुरस्कार वेद सोलंकी व तृतीय पुरस्कार शुभम जोशी ने प्राप्त किया। सभी को प्रमाण पत्र, महाकाल का लड्डू प्रसाद वितरित किया गया। निर्णायक पुजारी डॉ. विकास शर्मा, अनामिता दुबे, दीपक परमार थे। बच्चों को पुरस्कार मंदिर समिति के सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरके तिवारी ने प्रदान किए। शुभारंभ अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया उज्जैन के आंचलिक प्रबंधक अजीत शरण, नायब तहसीलदार आशीष फलावाडिया ने दीप प्रज्ज्वलन किया। संचालन सुदर्शन अयाचित ने किया।



### इस बार सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर शुभ व सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा

श्राद्ध पक्ष अंतिम दौर में है। 21 सितंबर रविवार को सर्व पितृ अमावस्या के साथ इसका समापन हो जाएगा। अमावस्या पर्व पर देशभर से हजारों लोग यहां शिप्रा में स्नान दान करने व अपने पितरों के मोक्ष हेतु पिंडदान-तर्पण पूजन करने के लिए उमड़ेंगे। उज्जैन के रामघाट, सिद्धवट और गयाकोठा तीर्थ पर पूजन करने वालों की भारी भीड़ उमड़ेगी। ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डब्बावाला ने बताया कि अमावस्या के दिन शुभ योग और चतुष्पाद करण का संयोग बन रहा है, जो किसी भी योग-संयोग से चार गुना शुभ फलदायी माना जाता है। उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के कारण सर्वार्थ सिद्धि योग भी निर्मित हो रहा है। रविवार को पड़ने वाली यह अमावस्या पितृ कर्मों के लिए विशेष फलदायी मानी जाती है।